10	माध्यमिक शिक्षा परिषद् की हाई स्कूल/इण्टर परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को विशेष शैक्षिक सुविधायें।	90	20	20	(1) हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को आगे दो वर्ष तक मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्था में शुल्क से मुक्ति (2) पाठ्य पुस्तकों की व्यवस्था हेतु क्रमशः 200 रु0 तथा 300 रु0।
11	प्रतिरक्षा कर्मचारियों के बालकों को छात्रवृत्तियों तथा पुस्तकीय सहायता देने के लिये व्यवस्था।	1,42	1,42	1,42	जूनियर हाई स्कूल कक्षाओं में 130 छात्रवृत्तियां (दर कक्षा) 6, 7, व 8 में क्रमशः 4, 5, 6 रु0 प्रति माह तथा 606 पुस्तकीय सहायता (15 रु0 प्रति छात्र) हाई स्कूल कक्षाओं में 153 छात्रवृत्तियां 10 रु0 मासिक तथा 500 पुस्तकीय सहायता 20 रु0 प्रति छात्र, इंटर कक्षाओं में 125 छात्रवृत्तियां 16 रु0 प्रतिमास एवं 250 पुस्तकीय सहायता 25 रु0 प्रति छात्र।
12	सीमान्त क्षेत्रों के युद्धग्रस्त क्षेत्रों में तैनात यू0पी0 पी0ए0 सी0 के जवानों तथा सशस्त्र पुलिस कर्मचारियों के बच्चों/आश्रितों को छात्रवृत्ति तथा पुस्तकीय सहायता।	12	12	12	क्रम 11 में अंकित दरों पर प्रत्येक मंडल के जूनियर हाई स्कूल और इंटर स्तर के एक बालक तथा एक बालिका को छात्रवृत्ति एवं एक बालक तथा एक बालिका को पुस्तकीय सहायता।
13	वीरचक्र श्रृंखला विजेताओं के बच्चों को शैक्षिक सुविधायें।	35	36	36	समस्त शैक्षिक शुल्कों से मुक्ति तथा सामूहिक पोशाक हेतु धनराशि।

1	2	3	4	5	6
14	सन् 1962 तथा 1965 के युद्धों में मारे गये अथवा अस्थायी रूप से अपंग तथा 1971 के युद्ध बन्दियों व लापता घोषित प्रतिरक्षा कार्मिकों के बच्चों/विधवाओं को शैक्षिक सुविधायें।	12	20	20	स्वीकृत प्राविधान के अन्तर्गत क्रम 11 में अंकित दरों पर।
15	सन् 1965 तथा 1971 के पाकिस्तानी आक्रमण का सामना करने वाले प्रतिरक्षा कर्मचारियों एवं उनके बच्चों तथा आश्रितों को शैक्षिक सुविधायें।	16	20	20	स्वीकृत प्राविधान के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन-पत्रों के आधार पर कक्षा 1—5 में 3 रु0 तथा कक्षा 6 में 4 रु0 कक्षा 7 में 5 रु0 तथा कक्षा 8 में 6 रु0 कक्षा 9 व 10 में 10 रु0 कक्षा 11 व 12 में 15 रु0 प्रतिमाह पुस्तकीय सहायता क्रमशः कक्षा 1—5 में 10 रु0 कक्षा 6—8 में 15 रु0 कक्षा 9—10 में 20 रु0 कक्षा 11-12 में 25 रु0।
16	माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्तियां	1,09	1,10	1,10	स्वीकृत प्राविधान के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन-पत्रों के आधार पर कक्षा 9—10 में 10 रु0 प्रतिमाह तथा कक्षा 11-12 में 15 रु0 प्रतिमाह।
17	उत्तराखण्ड स्थित संस्कृत संस्थाओं के विभिन्न कक्षाओं के छात्रों के लिये विशेष छात्रवृत्ति की व्यवस्था।	29	30	30	स्वीकृत प्राविधान के अनुसार प्रवेशिका, प्रथमा, मध्यमा, शास्त्री और आचार्य स्तर पर क्रमशः 8, 10, 15, 20 और 25 रु0 प्रतिमाह की दर से क्रमशः 17, 37, 56, 10 और 6 छात्रवृत्तियां।
18	पर्वतीय क्षेत्र में स्थित संस्कृत पाठशालाओं में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति।	12	12	12	स्वीकृत प्राविधान के अन्तर्गत कक्षा 7, 8, 9-10, 11-12 में क्रमशः 5 रु0, 10 रु0 तथा 15 रु0 के बीच छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।
19	उत्तराखंड स्थित विद्यालयों में कक्षा (7-12) के छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति।	3,10	3,10	3,10	स्वीकृत प्राविधान के अन्तर्गत कक्षा 7-8 में 5 रु0 कक्षा 9—10 में 10 रु0 तथा कक्षा 11-12 में 15 रुपया।
20	सुदूर सीमान्त क्षेत्रों (जिलों) में छात्रों को शैक्षिक सुविधायें।	2,82	1	1	स्वीकृत प्राविधान के आधार पर जूनियर हाई स्कूल स्तर पर 15 रु0 प्रतिमाह हाईस्कूल तक कक्षा 9-10 में 30 रु0 प्रतिमाह तथा इंटर कालेज 11-12 में 25 रु0 प्रतिमास की दर से स्वीकृत की जाती हैं।
21	कक्षा 9-10 में छात्रवृत्ति परीक्षा के आधार पर दी जा रही छात्रवृत्ति की दरों में वृद्धि।	2,85	2,85	2,85	क्रम 3 के अनुसार।
22	स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के आश्रितों तथा बच्चों को शैक्षिक सुविधायें और छात्रवृत्तियां।	6,23	6,25	6,25	जूनियर हाईकूल, हाई स्कूल व इंटर स्तर पर क्रमशः 8, 15 व 25 रु0 प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्तियां क्रमशः 50, 75 व 100 रु0 प्रति छात्र को पुस्तकीय सहायता।

1	2	3	4	5	6
23	चम्बल घाटी के आत्मसमर्पणकारी डाकुओं के बच्चों आदि को शैक्षिक सुविधायें ।	1,15	1,80	1,80	इस श्रेणी के बच्चों को प्राइमरी, जूनियर माध्यमिक स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में क्रमशः 35, 40, 50 तथा 75 रु० प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति/छात्रावासी होने की दशा में दरें क्रमशः 60, 60, 65, 75 व 100 रु० प्रतिमाह होगी ।
24	बर्मा से प्रत्यावर्तित भारतीय राष्ट्रिकों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा ।	..	4	4	स्वीकृत प्राविधान के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन-पत्रों के आधार पर अनावासिक छात्रों को पुस्तकीय सहायता (जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल व इंटर स्तर पर क्रमशः 30, 40 तथा 50 रु० प्रति छात्र) तथा छात्रावासी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति (जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल व इंटर तीनों स्तर पर 50 रु० प्रतिमाह)
25	बंगला देशनएके विस्थापितों केहें, बच्चों को, जो शिविरों के बाहर रह रहे हैं केन्द्रीय स्तर पर आर्थिक सहायता ।	..	3	3	स्वीकृत प्राविधान के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनपत्रों के आधार पर अनावासिक छात्रों को पुस्तकीय सहायता (जूनियर स्तर पर 10 छात्रों को 30 रु० प्रतिछात्र, हाई स्कूल स्तर पर 75 छात्रों को 45 रु० प्रतिछात्र तथा इण्टरस्तर पर 50 छात्रों को 50 रु० प्रतिछात्र, तथा छात्रावासी छात्रों (हाई स्कूल स्तर पर 50 छात्रों को 40 रु० प्रतिमाह और इण्टर स्तर पर 30 छात्रों को 50 रु० प्रतिमाह) छात्रवृत्तियां दी जाती हैं ।
26	डफरिन तथा मैरिना कालेज कलकत्ता के प्रशिक्षार्थियों के लिये छात्रवृत्तियां ।	50	50	50	क्रमश : 10 व 20 छात्रवृत्तियां 75 रु० प्रतिमाह की दर से ।
27	हाई स्कूल तथा इंटर छात्रवृत्तियों की दरों में वृद्धि ।	1,073	10,76	10,76	हाई स्कूल /इंटर छात्रवृत्तियां क्रमशः 10 रु० तथा 16 रु० प्रतिमाह की दर से प्रदान की जाती रही हैं। इनकी दरें बढ़ाकर 10 रु० के स्थान पर 15 रु० तथा 16 रु० के स्थान पर 25 रु० प्रतिमाह की दर से की गई है ।

VI—शिक्षकों का प्रशिक्षण:—

(हजार रुपये में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय-व्ययक अनुमान
1	2	3	4
आयोजनेत्तर	1,71,60	1,93,48	2,07,23
आयोजनागत	18,56	30,07	32,70

माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत प्रशिक्षित अध्यापक/अध्यापिकायें सुलभ कराने हेतु प्रदेश में कुल 12 एल0 टी0 प्रशिक्षण कालेज है जिनमें से 5 राजकीय, 7 अशासकीय हैं। इसके अतिरिक्त 3 शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय भी हैं, इसमें दो राजकीय तथा एक अशासकीय विद्यालय है। राजकीय कालेज निम्नलिखित हैं:—

(क) राजकीय—

(1) राजकीय केन्द्रीय अध्यापक विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद।
(2) राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ।
(3) राजकीय बेसिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, वाराणसी ;
(4) राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रामपुर।
(5) राजकीय महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय, इलाहाबाद।
(6) राजकीय महिला गृह विज्ञान प्रशिक्षण महाविद्यालय, उ0 प्र0 इलाहाबाद ।
(7) राजकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उ0 प्र0 इलाहाबाद।

(ख) अशासकीय—

(1) क्रिश्चियन प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ।
(2) किसान प्रशिक्षण महाविद्यालय, बस्ती।
(3) दिग्विजय नाथ प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोरखपुर।
(4) प्रशिक्षण महाविद्यालय, सकलडीहा, वाराणसी।
(5) काली प्रसाद प्रशिक्षण महाविद्यालय, इलाहाबाद।
(6) डी0 ए0 वी0 प्रशिक्षण महाविद्यालय, कानपुर।
(7) किशोरी रमण प्रशिक्षण महाविद्यालय, मथुरा।
(8) क्रिश्चियन कालेज आफ फिजिकल एजूकेशन, लखनऊ।

इन प्रशिक्षण महाविद्यालयों की प्रवेश संख्या परीक्षार्थियों की संख्या एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों की संख्या का विवरण निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित की गई है:—

	विद्यालय की संख्या		प्रवेश संख्या		सम्मिलित		वर्ष 1983 का परीक्षाफल उत्तीर्ण	
	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
1	2	3	4	5	6	7	8	9
(क) एल0 टी0 (सामान्य रूप)	8	1	780	100	569	230	501	213
(ख) एल0टी0(बेसिक)	1	..	60	60	48	47	47	40
(ग) एल0टी0(रचनात्मक)	1	..	175	..	97	56	87	55
(घ) एल0टी0(गृह विज्ञान)	..	1	..	30	..	22	..	20
(ङ) डी0पी0एड0	2	1	80	25	178*	24	154	24

नोट:— (1) राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय लखनऊ में एल0टी0(रचनात्मक) एल0टी0(कृषि) एल0 टी0 (विज्ञान) में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

(2) अध्यापक छात्र अनुपात राजकीय प्रशिक्षण महाविद्यालयों तथा अशासकीय शिक्षण महाविद्यालयों में 1:10 का है।

(3) पुरुष एल0टी0 प्रशिक्षण महाविद्यालय में महिलाओं का भी प्रवेश होता है, किन्तु उनके लिये कोई स्थान निर्धारित नहीं है।

(4) *आंशिक परीक्षार्थी भी सम्मिलित हैं।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्

मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान विभाग

राजकीय अध्यापन विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद

अध्यापक प्रशिक्षण शैक्षिक शोध, नये शैक्षिक विचारों से शिक्षा जगत को जानकारी कराना, बाल साहित्य की रचना तथा पाठ्यपुस्तकों को तैयार करना आदि शिक्षा सम्बन्धी कार्यों को करने के लिये आचार्य नरेन्द्र देव समिति (1939) की संस्तुति के आधार पर राजकीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, इलाहाबाद को वर्तमान स्वरूप (1948) मिला । नवम्बर, 1981 से यह संस्थान राज्य में प्रशिक्षण और शैक्षिक शोध को और गतिशील बनाने के लिये नव गठित संस्था राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक नियंत्रण में परिषद् की इकाई के रूप में अब कार्यरत है । यद्यपि अपने स्थापना काल से ही यह संस्थान शैक्षिक शोध के क्षेत्र में योगदान करता आ रहा है, परन्तु परिषद् की इकाई के रूप में इसके कार्य कलापों में अपेक्षाकृत प्रगति हुई है । संस्थान के विभिन्न क्रिया कलापों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है :—

(क) प्रशिक्षण—

(i) पूर्व सेवारत प्रशिक्षण—

संस्थान एल0टी0परीक्षा हेतु पूर्व सेवारत प्रशिक्षण प्रदान करता है । वर्ष 1983 के एल0टी0 परीक्षा में 71 प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए । परीक्षा का फल शत प्रतिशत रहा । इस वर्ष दो प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक विषयों में भी प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई । 68 प्रशिक्षणार्थियों ने उपचारात्मक शिक्षा में विशेष दक्षता प्राप्त किया । 1983–84 में 80 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । जुलाई, 1983 से एल0टी0 का नया पाठ्यक्रम लागू हो चुका है ।

(ii) सेवारत प्रशिक्षण (माध्यमिक शिक्षकों के लाभार्थ)

10 वर्षीय सामान्य शिक्षा (जुलाई, 1982 से लागू) के पाठ्यक्रम मूल्यांकन तथा शैक्षिक जगत में होने वाले नवीन परिवर्तनों, दिशाओं तथा शैक्षिक स्तरोन्नयन के लिये चलाये जा रहे योजनाओं और कार्यक्रमों से अध्यापकों को परिचित कराने के लिये संस्थान में वर्ष 1982–83 में सतत शिक्षा एवं पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाये गये ।

सतत शिक्षा कार्यक्रम (संध्या कालीन और अवकाश के दिनों में) के अन्तर्गत हाई स्कूल कक्षाओं में विज्ञान, गणित तथा सामाजिक विषय पढ़ाने वाले 289 अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया है । इसमें इलाहाबाद और झांसी मण्डल के अध्यापक थे । वर्ष 1983–84 में 450 अध्यापकों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है ।

पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण के अन्तर्गत 59 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया । चालू वर्ष में 200 अध्यापकों को पुनर्बोधन का लक्ष्य है ।

(ख) शोध कार्य—

वर्ष 1982–83 में अध्यापक प्रशिक्षण, शिक्षण विधियों पाठ्यक्रम रचना आदि विषयों में 6 शोध अध्ययन पूरे किये गये । इसके अतिरिक्त निम्नलिखित शिक्षक संदर्शिकाओं की रचना का कार्य भी पूरा कर लिया है ।

(1) उपचारात्मक शिक्षा
(2) दस वर्षीय नये पाठ्यक्रम में आन्तरिक मूल्यांकन
(3) कमजोर छात्रों के संदर्भ में जूनियर हाई स्कूल के लिये सामाजिक विषयों में निदानात्मक–परीक्षण का निर्माण ।
(4) राष्ट्रीय एकता और शिक्षा
(5) अन्तराष्ट्रीय सद्भावना के लिये शिक्षा
(6) सामाजिक विज्ञान की संकल्पना और शिक्षण विधि,

उपर्युक्त के अतिरिक्त शैक्षिक शोध पाठ्यक्रम की रचना तथा एल0टी0 के पाठ्यक्रम का संशोधन भी किये गये ।

इस वर्ष शोध/अध्ययनों और सदर्शिकाओं का निर्माण सम्बन्धी निम्नलिखित कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है:—

अनुसंधान/अध्ययन—

निम्नलिखित अनुसंधान/अध्ययन किये गये:—

1—माध्यमिक स्तर पर पाठ्यक्रमीय भार का अध्ययन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के शोध अध्ययन का अनुसरण ।

2—जिला स्तरीय बेसिक शिक्षा के प्रशासन से सम्बन्धित कर्तव्यों का इस दृष्टि से अध्ययन कि प्रबन्ध सम्बन्धी लक्ष्यों के परिप्रेक्ष्य में असन्तुलनों/अक्षमताओं तथा निर्बलताओं का पता लगाया जा सके, उन्हें आंका जा सके और सुधार हेतु सुझाव दिया जा सके ।

3—माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा सुविधाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन (वर्ष 1982–83 में किये गये अध्ययन के अनुक्रम में) ।

4—हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में परीक्षाफल प्रतिशत की अत्याधिक न्यूनतम के कारणों का अध्ययन एवं उपचारार्थ सुझाव प्रस्तुत करना ।

(शासन स्तरीय अध्ययन)

5—प्रशिक्षणार्थियों के अकादमिक योग्यता के संदर्भ में एल0टी0 के पूर्व प्रचलित (1975 तक) तथा वर्तमान प्रवेश नियमों का तुलनात्मक अध्ययन

6—नैतिक मूल्यों की शिक्षा सम्बन्धी परिचयात्मक पुस्तिका का विकास ।

7—प्राथमिक जूनियर स्तर पर गणित, हिन्दी एवं विज्ञान में निदान सूचक परीक्षणों की रचना ।

8—बी0एड0/एल0टी0 प्रशिक्षण महाविद्यालयों/शिक्षा संस्थाओं के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों तथा उपलब्ध संसाधनों (भौतिक तथा मानवीय) का अध्ययन ।

9—शिक्षक प्रशिक्षण में चल-चित्रों की उपयोगिता ।

प्रकाशन सामग्री

निम्नलिखित शैक्षिक सामग्री की रचना की गयी ।

1—मानवीय मूल्यों की शिक्षा

2—एल0टी0 पाठ्यक्रम–सैद्धान्तिक ज्ञान का क्षेत्र ।

3—एल0टी0 पाठ्यक्रम शिक्षण सिद्धांत तथा शिक्षण विधियां एवं कक्षा शिक्षण अभ्यास का क्षेत्र ।

4—एल0टी0 पाठ्यक्रम समुदाय में कार्य का क्षेत्र ।

5—प्रशिक्षणरत शिक्षकों के लिये शिक्षा में अभिनय प्रवृत्तियों एवं नवाचारों से सम्बन्धित पदों की विवरणिका ।

अन्य कार्य:—

उपर्युक्त के अतिरिक्त संस्थान द्वारा निष्पादित महत्वपूर्ण कार्यों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है:—

(1) उपचारात्मक शिक्षा इकाई के कार्य:—

शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए छात्रों के अध्ययन करने विभिन्न विषयों के अध्ययन विधियों में सुधार करने तथा पूर्व सेवारत तथा सेवारत प्रशिक्षणार्थियों को उपचारात्मक शिक्षण में विशेष दक्षता प्रदान करने की दृष्टि से इस संस्थान में चतुर्थ पंचवर्षीय योजना म (1969–70) उपचारात्मक शिक्षा इकाई की स्थापना की गयी । इस योजना के अन्तर्गत 1971–72 से लेकर 1982–83 तक 1006 प्रशिक्षणार्थियों को विशेष दक्षता, 1455 अध्यापकों को पुर्नबोधन 31 निदान सूचक परीक्षणों की रचना तथा 12 शोध अध्ययन के कार्य हो चुके हैं । इसके अतिरिक्त 5338 छात्रों को भी लाभ मिल चुका है । वर्ष 1982–83 में इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण/शोध तथा प्रसार के कार्य हो रहे हैं विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस इकाई के कार्यों से सन्तुष्ट होकर इसके अन्तर्गत सृजित 7 अस्थायी पदों को 1 मार्च, 1983 से स्थायी कर दिया है और इस प्रकार इस इकाई को संस्थान का अभिन्न अंग बना दिया गया है ।

गोष्ठी एवं कार्यशालाओं का आयोजन:—

इस संस्थान में राज्य तथा राष्ट्र स्तरीय गोष्ठियों का आयोजन होता रहा है । वर्ष 1982 में एन0सी0ई0आर0टी0 के तत्वाधान में विभिन्न विषयों पर 4 गोष्ठियां एवं कार्यशालायें आयोजित हुई । इसके अतिरिक्त बी टी0सी0 पाठ्यक्रम पर विभाग द्वारा भी एक गोष्ठी आयोजित की गई । वर्ष 1983–84 में राष्ट्रीय सद्भावना के विकास के लिये राष्ट्रीय स्तर पर संगीत अध्यापक/अध्यापिकाओं के लिये 10 दिवसीय (6 जुलाई से 15 जुलाई) सिंगिंग कैम्प आयोजित किया गया ।

सामुदायिक गायन:—

राष्ट्रीय सद्भावना के दृष्टि कोण से एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा प्रस्तुत व विभिन्न भाषाओं के राष्ट्रीय गायन में संगीत अध्यापकों का प्रशिक्षण कराया गया ।

प्रोन्नत प्रधानाचार्यों का प्रशिक्षण:—

इस वर्ष प्रोन्नत प्रधानाचार्यों (राजकीय) के प्रशासनिक एवं प्राविधिक प्रशिक्षण की योजना को प्रारम्भ किया गया ।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् का विज्ञान तथा गणित विभाग

राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान

यह संस्थान मुख्यतः नये पाठ्यक्रमों के निर्माण, पाठ्य पुस्तक लेखन, तथा विज्ञान शिक्षण हेतु दृश्य श्रव्य सामग्रियों को तैयार करने, नवीन दस वर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विज्ञान अध्यापकों की दक्षता बढ़ाने हेतु सेवारत प्रशिक्षण के आयोजन तथा प्रदेश में विज्ञान शिक्षा के विकास हेतु नीति निर्धारण एवं उनके कार्यान्वयन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों शोध, अध्ययन तथा व्यवहारिक उपयोगिता सम्बन्धी परियोजनाओं का कार्यान्वयन करता है ।

2—प्रदेश में चल रहे सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्यक्रम इस संस्थान द्वारा वर्ष 1983–84 में किये गये ।

(क) परियोजनायें—

(1) एल0टी0(स्नातक स्तरीय शिक्षण डिप्लोमा) स्तर पर विज्ञान शिक्षणहेतु अध्यापकों द्वारा फिल्मों का उपयोग ।

(2) लखनऊ जनपद के जूनियर हाई स्कूलों के विज्ञान अध्यापकों का सघन सेवारत प्रशिक्षण ।

(3) इण्टर स्तरीय इलेक्ट्रानिक किट का निर्माण ।

(4) नये प्राइमरी विज्ञान किट हेतु संदर्शिका का निर्माण ।

(ख) शोध/अध्ययन

(1) प्राइमरी तथा जूनियर हाई स्कूलों के विज्ञान पाठ्य पुस्तकों में संशोधन/ परिवर्धन हेतु मानकों का विकास ।

(2) पाठ्यक्रम के उद्देश्यों के संदर्भ में जूनियर हाई स्कूल स्तरीय पाठ्य पुस्तकों का उनकी कमियों के निवारण हेतु विश्लेषण ।

(3) उद्देश्य निष्ठ प्राइमरी स्तरीय विज्ञान शिक्षण हेतु शिक्षण विधियां ।

(4) नवीन दस वर्षीय पाठ्यक्रम के संदर्भ में कक्षा 1 से 8 तक के विज्ञान पाठ्यक्रम का नवीनीकरण ।

(5) इण्टर स्तरीय विज्ञान प्रयोगात्मक कार्य में सुधार ।

(ग) प्रकाशन—

(अ) 1, 3 तथा 4 और (ब) 1, 3 तथा 5 की पुस्तिकाओं के अतिरिक्त एक त्रैमासिक पत्रिका "विज्ञान शिक्षा" का प्रकाशन प्रस्तावित है जिसके प्रथम संस्करण में प्राइमरी तथा जूनियर हाई स्कूल स्तरीय विज्ञान शिक्षण सम्बन्धी लेख होंगे ।

(घ) विद्यार्थी विज्ञान सेमिनार—

(7) राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् के तत्वाधान में अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है । उक्त प्रतियोगिता के लिये प्रदेश से दो उत्कृष्ट प्रतिभागियों के चयन हेतु जिला स्तरीय सेमिनार प्रदेश स्तर पर 12 अगस्त, 1983 से तथा राज्य स्तरीय सेमिनार, 3 सितम्बर, 1983 को राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ में आयोजित की गयी है ।

(ङ) राष्ट्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, 1983 का आयोजन—

इस प्रदर्शनी का सुनियोजित आयोजन देश में प्रथम बार जवाहर लाल नेहरू स्मारक निधि की सहायता से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 1971 में तीन मूर्ति भवन नई दिल्ली में किया गया था । इन प्रदर्शनियों के माध्यम से स्कूलों के छात्र/छात्राओं को अपनी अन्वेषणात्मक एवं सृजनात्मक क्षमताओं के विकास का अवसर मिलता है । तेरहवीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन लखनऊ में 10 से 16 नवम्बर, 1983 को आयोजित किया गया ।

इसमें मुख्य विषयतत्व "उत्पादकता हेतु विज्ञान और टेक्नालाजी" था और उप विषय तत्व निम्नवत् थे:—

1—ऊर्जा की बचत युक्तियां ।

2—अवशिष्ट पदार्थ का पुनर्चक्रण और प्रदूषण के नियंत्रण हेतु सुरक्षित प्रबन्ध ।

3—खाद्य पदार्थ का उत्पादन तथा उसे सुरक्षित रखना ।

4—प्राकृतिक तथा मानव निर्मित रेशे ।

5—ग्रामीण क्षेत्रों हेतु उपर्युक्त तकनीक ।

प्रदर्शनी में देश के सभी राज्यों से छात्र/छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन सामग्री का प्रदर्शन किया ।

(च) विज्ञान अध्यापकों का पुनर्शिक्षण--

नये दस वर्षीय पाठ्यक्रम के समुचित अध्ययन के लिये शासन की नई योजना के अन्तर्गत श्रोत व्यक्तियों को प्रशिक्षण कराया गया । ये प्रशिक्षण अध्यापक प्रत्येक जिले के उच्चतर माध्यमिक विज्ञान अध्यापकों का प्रशिक्षण आयोजित करेंगे ।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना

(हजार रूपयों में)

नाम	1982-83 का वास्तविक व्यय	1983-84 का पुनरीक्षित व्यय	1984-85 का आय-व्ययक अनुमान
आयोजनागत	187	803	1062

भारत सरकार के सुझाव पर इस प्रदेश में सितम्बर, 1981 से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् का गठन किया गया है । निम्नलिखित इकाइयों संस्थाओं के होते हुए भी व्यवहारिक दृष्टि से शोध, नवीन कार्य विधियां, पर्याप्त स्तर के सेवारत प्रशिक्षण, जो पाठ्यक्रम के पुनर्गठन तथा शिक्षा के प्रबन्ध से सम्बन्धित हो, इस राज्य में नहीं हो पाये थे:-

(1) राज्य अध्यापन विज्ञान संस्थान ।
(2) मनोविज्ञान शाला ।
(3) राज्य शिक्षा संस्थान ।
(4) राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान ।
(5) अंग्रेजी भाषा शिक्षण संस्थान ।
(6) राज्य हिन्दी संस्थान ।
(7) शिक्षा प्रसार विभाग ।
(8) पाठ्यपुस्तक कार्यालय ।
(9) शैक्षिक तकनीकी कोष्ठ ।

2--इसके अतिरिक्त इन्सैट की सहायता से शैक्षिक तकनीकी के कार्यक्रमों की प्रारम्भिक समस्याओं को सुलझाने के लिये कोई उपयुक्त संगठन न था, यद्यपि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में 1984 में ही उपलब्ध हो जाने की आशा है । भारत सरकार ने राज्य सरकारों से 1974 में ही अनुरोध किया था कि वे तत्काल इस विषय में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के माध्यम से कार्यवाही करें और भी कई चालू कार्यक्रम थे । जिनमें से कई यूनिसेफ की सहायता से है, जिन्हें दक्ष शैक्षिक निर्देशन तथा समन्वय की आवश्यकता थी। अतः इन कमियों को दूर करने के लिए सितम्बर 1981 में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् का गठन किया जाय जिससे लाभप्रद और व्यवहारिक शोध सेवारत अध्यापक, प्रशिक्षण अध्यापक, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण तथा शैक्षिक प्रशासकों के प्रशिक्षण आयोजित किए जा सकें।

3--परिषद् का संगठन निम्नवत् है :--

(1) शिक्षा मन्त्री	अध्यक्ष
(2) शिक्षा सचिव	उपाध्यक्ष
(3) वित्त सचिव या उनके प्रतिनिधि	सदस्य
(4) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के प्रतिनिधि	सदस्य
(5) राष्ट्रीय योजना एवं प्रशासन संस्थान दिल्ली के प्रतिनिधि	सदस्य
(6) शिक्षा निदेशक	सदस्य
(7) श्री श्रीनिवास शर्मा, सेवा निवृत्त शिक्षा निदेशक, सी-46, निराला नगर	सदस्य
(8) श्रीमती शान्ति तनखा, सेवा निवृत्त प्रधानाचार्या, चांइना गेट (अमेरिकन लाइब्रेरी के सामने), लखनऊ	सदस्य
(9) निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश	सदस्य सचिव

4—राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के कार्य में निम्नलिखित की संकल्पना की गई थी :—

(क) शिक्षा में स्वयं अनुसंधान करना, अनुसंधानों का समन्वय करना तथा उनको प्रोत्साहित करना।

(ख) सेवा-पूर्व और सेवारत मुख्यतः उच्चस्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

(ग) ऐसी संस्थाओं को परामर्श सेवा प्रदान करना जो शैक्षिक अनुसंधान/प्रशिक्षण में विद्यालयों के विस्तार सेवा में कार्यरत हों।

(घ) उन्नत शैक्षिक विधियों और कार्यक्रमों से विद्यालयों तथा प्रशासकों को अवगत कराना।

(च) अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्य के शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शैक्षिक संस्थाओं के साथ कार्य करना अथवा उन्हें सहायता देना।

(छ) विद्यालय स्तरीय शिक्षा सम्बन्धी उन्नत विचारों तथा सूचनाओं का एकत्रीकरण और प्रसारण।

(ज) राज्य प्रशासन को तथा अन्य संगठनों को विद्यालय स्तरीय शिक्षा के स्तरोन्नयन के सम्बन्ध में परामर्श देना।

(झ) अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक पुस्तकों, सामग्री पत्रिकाओं तथा अन्य साहित्य का निर्माण तथा प्रकाशन।

(ट) ऐसे सभी कृत्यों का करना, जो परिषद् अपने प्रमुख उद्देश्यों के लिए आवश्यक, अनिवार्य या लाभप्रद समझे, शैक्षिक अनुसंधानों को बढ़ावा देना, शैक्षिक कार्यकर्ताओं को उच्च स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण और विद्यालयों में विस्तार सेवा की सुविधा देना है।

(ठ) राज्य सरकार द्वारा संदर्भित शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण सम्बन्धी अन्य कार्य सम्पादित करना।

5—परिषद् के कार्यक्रमों के सम्बन्ध में यह नीति रखी गई है कि शैक्षिक अनुसंधान नीति निर्धारण स्कूलों म अध्यापन तथा शैक्षिक प्रशासन और नियोजन में गुणता, उन्नति और सुधार के उपयोग से सम्बन्धित होंगे। मूल अनुसंधानों विश्वविद्यालयों, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् या अन्य संस्थाओं को सहयोग देने और सहकारिता के आधार पर सम्बद्ध होने तक सीमित रहेगा। अनुसंधानों में कार्यरत शोध (ऐक्शन रिसर्च) को भी प्रमुखता दी जायगी जिसमें कार्यरत अध्यापकों और विद्यालयों को भी उन्नत विधियां विकसित करने में प्रोत्साहन मिले। प्रशिक्षण के क्षेत्र मुख्यतः सेवारत प्रशिक्षण के कार्यक्रम लिए जायेंगे। जिसमें अध्यापकों के अतिरिक्त शैक्षिक प्रशासकों तथा नियोजकों का प्रशिक्षण भी सम्मिलित होगा।

6—विभिन्न इकाइयों द्वारा किए गए कार्यों का विवरण इस आय-व्ययक में प्रासंगिक स्थलों में दिया गया है। अनुसंधान कार्यों को पुष्ट करने के लिए परिषद् के अधिकारियों को शोध-विधियों का प्रशिक्षण एन० सी० ई० आर० टी० के सहयोग से दिलाया गया।

7—सूचित शोध पत्र को तथा शिक्षक निर्देशिकाओं की सूची नीचे दी जा रही है :—

(1) कक्षा 8 के प्रतिभावान छात्रों के चयन के परीक्षण तथा उनकी उच्चतर शिक्षा में परीक्षाफल के सहसम्बन्ध का अध्ययन।

(2) इण्टरमीडिएट भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान की न्यूनतम उपकरण/सामग्री की प्रस्तावित सूची।

(3) सामाजिक विज्ञान की संकल्पना और शिक्षण विधि (दस वर्षीय पाठ्यक्रम के सन्दर्भ में)।

(4) माध्यमिक स्तरों पर हिन्दी वर्तनी की अशुद्धियों का संकलन वर्गीकरण तथा उसके सुधार के उपाय।

(5) छात्रों के लिए उपयोगी अंग्रेजी साहित्य के महत्वपूर्ण संदर्भों का संकलन।

(6) शैक्षिक तकनीकी—परिचयात्मक पुस्तिका।

(7) शैक्षिक तकनीकी के उपयोग का व्यवहारिक रूप।

(8) कक्षा 6 तथा 8 में लिखित कार्य में की गई त्रुटियों का विश्लेषण तथा उपचार।

(9) अंग्रेजी उच्चारण में सुधार हेतु टेप सामग्री।

(10) अंग्रेजी में भारतीय लेखकों की कृतियों का संकलन, भाग—2।

(11) राष्ट्रीय एकीकरण हेतु श्रोत पुस्तक (अंग्रजी)।

(12) जूनियर स्तर पर अंग्रेजी व्याकरण सम्बन्धी ज्ञान में सुधार के लिए सुझाव, भाग—2।

(13) जूनियर हाई स्कूल स्तर के छात्रों की वर्तनी सम्बन्धी त्रुटियों के विश्लेषण।

(14) इण्टर स्तरीय विज्ञान प्रयोगात्मक कार्य में सुधार।

(15) प्राथमिक स्तर पर वर्तनी की अशुद्धियां।

(16) माध्यमिक स्तर पर वर्तनी की अशुद्धियां।

(17) हिन्दी गद्य शिक्षण।

(18) हिन्दी पद्य शिल्प।

(19) अन्य भाषायी प्रदेश और हिन्दी।

(20) उचित व्यवसायों का चयन।
(21) छात्रों के लिए शैक्षिक निर्देशन।
(22) उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा के स्तरोन्नयन हेतु सर्वेक्षण एवं सुझाव।
(23) उत्तर प्रदेश में परीक्षा सुधार।
(24) मूल्यों के लिए शिक्षा।
(25) अध्यापक-प्रशिक्षण में फिल्मों का प्रयोग।
(26) "वाणी" पत्रिका का—राष्ट्रीय एकीकरण और हिन्दी विशेषांक।
(27) "वाणी" पत्रिका का क्षत्रीय बोलियां विशेषांक।
(28) जनसंख्या शिक्षा-परिचायिका।
(29) अध्यापक और जनसंख्या शिक्षा-निर्देशिका।
(30) शिक्षा में आन्तरिक मूल्यांकन।
(31) एल0 टी0 पाठ्यक्रम में प्रविष्ट छात्रों की उपलब्धियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन।
(32) अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के लिए शिक्षा (प्रथम भाग)।
(33) शैक्षिक तकनीकी के उपयोग का व्यवहारिक रूप।
(34) सुबह का भूला (नवसाक्षर साहित्य)।
(35) छुआछूत (नवसाक्षर साहित्य)।
(36) वन सम्पदा (नवसाक्षर साहित्य)।
(37) नेकी की राह चलो (नवसाक्षर साहित्य)।

VII—अन्य व्यय

(हजार रुपयों में)

	1982-83 वास्तविक व्यय	1983-84 पुनरीक्षित अनुमान	1984-85 आय-व्ययक अनुमान
1	2	3	4
आयोजनेतर	6,92,15	7,22,45	7,14,33
आयोजनागत	67,82	74,92	1,34,09

उपरोक्त शीर्षक के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मनोविज्ञानशाला, केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, स्वतन्त्रता संग्राम के इतिहास की स्रोत सामग्रियों का संकलन एवं प्रकाशन के कार्य, शैक्षिक संग्रहालय एवं प्रकीर्ण व्यय का प्राविधान सम्मिलित है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

(हजार रुपयों में)

	1982-83 वास्तविक व्यय	1983-84 पुनरीक्षित अनुमान	1984-85 आय-व्ययक अनुमान
1	2	3	4
आयोनेतर	6,64,59	6,92,72	6,82,00
आयोजनागत	4,92	7,68	9,62

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है जिससे परिषद् के कार्य में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है तथा इसमें जटिलताएं भी आ रही हैं। अतः कार्य में गति लाने के उद्देश्य से परिषद् के कार्यों का विशेषतया परीक्षा सम्बन्धी कार्यों का विकेन्द्रीकरण करके मेरठ, वाराणसी एवं बरेली में क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना क्रमशः 1972, 1978 एवं 1981 में की जा चुकी है। परिषद् का चौथा क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है।

वर्ष 1982 की परीक्षाओं में कुल 16,15,229 एवं 1983 की परीक्षाओं में 18,49,220 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वर्ष 1982 एवं 1983 में सम्मिलित परीक्षार्थियों की संख्या निम्नवत् है :

परीक्षा वर्ष	पंजीकृत परीक्षार्थी	पूरक परीक्षार्थी	कुल परीक्षार्थियों की पंजीकृत संख्या
1	2	3	4
1982	14,01,315	2,13,914	16,15,229
1983	16,73,288	1,75,932	18,49,220

इसी क्रम में ज्ञातव्य है कि परीक्षा पद्धति में सुधार लाने तथा परीक्षा कार्य को सुगम एवं सुचारु रूप से चलाने की दृष्टि से शासन ने कई योजनाएं कार्यान्वित की हैं।

1981 की परीक्षाओं से संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षाओं का संचालन अलग-अलग किया जा रहा है तथा परीक्षाफल भी कम्प्यूटर द्वारा तैयार कराया जा रहा है। 1983 की पूरक परीक्षाओं का परीक्षाफल भी प्रथम बार कम्प्यूटर द्वारा तैयार किया गया है। परिषद् की 1984 की हाई स्कूल परीक्षाओं का आयोजन प्रथम बार दस वर्षीय अनिवार्य पाठ्यक्रम पद्धति से किया जा रहा है। किन्तु 1983 की हाई स्कूल परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को पुराने पाठ्यक्रम से परीक्षा देने की सुविधा भी प्रदान कर दी गई है।

3—1983 में इण्टर साहित्यक वर्ग के व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की परीक्षा का आयोजन सीधे न कर पत्राचार पाठ्यक्रम पद्धति से किया जा रहा है।

4—परीक्षार्थियों की सुविधा एवं परीक्षकों की कठिनाइयों को ध्यान में रखकर इस वर्ष छः विषयों की विश्लेषण पुस्तिकाओं का प्रकाशन किया गया है। नवीन पाठ्यक्रमों के लिए आदर्श प्रश्न-पत्रों के निर्माण की भी योजना है। प्रतिभाप्रसून नामक पुस्तिका का निर्माण एवं प्रकाशन कर समस्त विद्यालयों को प्रेषित किया जा चुका है। पाठ्यक्रमों में संशोधन एवं परिवर्तन को दृष्टि में रखते हुए इण्टर में अनेक विषयों में परिवर्तन की कार्यवाही की जा रही है जिससे दसवर्षीय सामान्य शिक्षा की विषयवस्तु से आगे के पाठ्यक्रम का तालमेल बना रहे। मूल्यांकन में भी सुधार के उपाय किए जा रहे हैं। प्रश्न-पत्र निर्माताओं एवं परिसीमन कर्ताओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह सम्पूर्ण कार्यवाही इस कार्यालय के मूल्यांकन एवं शोध अनुभाग द्वारा सम्पादित किया जाता है।

5—1983 की परीक्षाओं में 56 संकलन केन्द्र तथा 43 उपकेन्द्र तथा 132 मुख्य परीक्षा एवं 16 पूरक परीक्षा मूल्यांकन केन्द्रों द्वारा उत्तर-पुस्तकों के मूल्यांकन का कार्य कराया गया। वर्ष 1983 में परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त विद्यालयों की संख्या 5,007 थी। 1983 की परीक्षाएं संस्थागत 1984 तथा व्यक्तिगत 899 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से आयोजित कराई गई।

6—पाठ्य-पुस्तक राष्ट्रीयकरण अनुभाग द्वारा 1982 में 15 राष्ट्रीयकृत पुस्तकों का निर्माण कराया गया। दसवर्षीय सामान्य शिक्षा लागू कर देने के परिणामस्वरूप छः अतिरिक्त राष्ट्रीयकृत पुस्तकों का प्रणयन किया गया है।

12 अतिरिक्त राष्ट्रीयकृत पाठ्यपुस्तकें अगले वर्ष तक तैयार होकर उपलब्ध हो जाने की सम्भावना है। इस प्रकार हाई स्कूल में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित 1 तथा 2, सामाजिक विज्ञान भाग-1 तथा 2, विज्ञान 1 तथा 2 तथा इण्टर में हिन्दी की पुस्तकों का प्रणयन अब तक हो चुका है।

परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या

वर्ष	हाई स्कूल			इण्टरमीडिएट			महायोग
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8
1980	1,790	275	2,065	2,181	385	2,566	4,631
1981	1,764	276	2,040	2,386	416	2,802	4,842
1982	1,755	276	2,031	2,464	417	2,881	4,912
1983	1,805	277	2,082	2,506	419	2,925	5,007

पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

(हजार रुपए में)

	1982–83 का वास्तविक व्यय	1983–84 का पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 का आय–व्ययक अनुमान
आयोजनेतर	..	..	..
आयोजनागत	9,20	31,00	31,00

माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद की हाई स्कूल/इण्टरमीडिएट की व्यक्तिगत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के शैक्षिक स्तर के उन्नयन एवं परीक्षा पद्धति के अभिनवीकरण हेतु पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद (इन्स्टीट्यूट आफ करेसपांडेन्स एजूकेशन) की स्थापना शासन द्वारा वर्ष 1980–81 में की गई है। प्रथम चरण में माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट की व्यक्तिगत परीक्षा (साहित्यिक वर्ग) हेतु वर्ष 1984 के लिए छात्रों का पंजीकरण करके उनके पत्राचार–शिक्षण की व्यवस्था का कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। सम्प्रति 1984 की परीक्षा के लिए इण्टर–मीडिएट व्यक्तिगत परीक्षा (साहित्यिक वर्ग) के 5,056 परीक्षार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है। वर्ष 1985 की इण्टरमीडिएट व्यक्तिगत परीक्षा (साहित्यिक वर्ग) के अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है जिनकी संख्या लगभग 20 हजार तक होने का अनुमान है।

वर्तमान समय में पत्राचार शिक्षा संस्थान में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या निम्नवत् है :—

क्रम–संख्या	पद नाम	वेतनक्रम	पदों की संख्या
1	2	3	4
1	अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार शिक्षा)	1,840–2,400	1
2	सहायक शिक्षा निदेशक (शैक्षिक)	1,250–,2050	1
3	सहायक उप शिक्षा निदेशक (पत्राचार शिक्षा)	850–1,720	1
4	लेखाधिकारी	850–1,720	1
5	पत्राचार अधिकारी	770–1,600	2
6	कार्यालय अधीक्षक ग्रेड–1	625–1,360	1
7	प्रवक्ता	650–1,280	12
8	ज्येष्ठ लेखा परीक्षक	570–1,100	2
9	वरिष्ठ सहायक	515–860	10

1	2	3	4
10	आशुलिपिक	515–860	3
11	लेखा लिपिक	470–735	2
12	वरिष्ठ लिपिक	430–685	4
13	स्टोर कीपर	400–615	1
14	कनिष्ठ लिपिक	354–550	8
15	ड्राइवर	330–495	1
16	दफ्तरी	315–440	1
17	मशीनमैन	315–440	1
18	अर्दली/चपरासी	305–390	11
		योग ..	63

सम्प्रति माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट (साहित्यिक वर्ग) की व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 1984 से सम्बन्धित सभी व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए पत्राचार शिक्षण व्यवस्था का अनुसरण अनिवार्य कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश के विनियमों में इस आशय का उल्लेख करते हुए आवश्यक संस्थान भी किया जा चुका है। कालान्तर में पत्राचार शिक्षा संस्था माध्यमिक शिक्षा परिषद् की व्यक्तिगत परीक्षा के समस्त कार्यों का उत्तरदायित्व ग्रहण कर लेगा।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् का मनोवैज्ञानिक तथा शैक्षिक निर्देशन विभाग

मनोविज्ञान शाला, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

(हजार रुपयों में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय–व्ययक अनुमान
आयोजनेतर	11,04	12,93	14,15
आयोजनागत	63	70	80

इलाहाबाद में स्थापित मनोविज्ञान शाला, उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मनोविज्ञान के क्षेत्र में एक विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण संस्था है। यह मुख्यतः शैक्षिक, वैयक्तिक तथा व्यावसायिक निर्देशन का कार्य करती है। निर्देशन में प्रयुक्त मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का निर्माण तथा तत्सम्बन्धित शोध कार्य भी यहां होता है। प्रदेश की मनोवैज्ञानिक सेवाओं के विभिन्न स्तरों पर वांछित स्तर के अनुकूल मनोवैज्ञानिक परीक्षण तथा विधियों में प्रशिक्षित व्यक्तियों की उपलब्धि हेतु यहां निर्देशन मनोवैज्ञानिक प्रमाण-पत्र का एक पूर्ण सत्रीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रति वर्ष अधिकतम 15 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था है।

2—वर्ष 1976–77 से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान छात्रों के लिये आवासीय छात्र योजना प्रारम्भ की गई है। इसके अन्तर्गत कुछ विशिष्ट विद्यालयों में छात्रों के लिये विशेष शिक्षा की व्यवस्था की जाती है। इन विशिष्ट छात्रों के मनोवैज्ञानिक परीक्षण, निर्देशन तथा परामर्श का पूरा दायित्व मनोविज्ञानशाला तथा इसके सुदृढीकरण के फलस्वरूप प्रत्येक मण्डल में स्थापित मण्डलीय मनोविज्ञान केन्द्रों को है, ऐसे आवासीय विद्यालयों में जहां परामर्शदाता नियुक्त है यह कार्य उनके द्वारा इस संस्था के निर्देशन में सम्पन्न होता है।

3—उत्तर प्रदेश में कार्यरत इण्टरमीडिएट कक्षाओं में मनोविज्ञान तथा शिक्षा शास्त्र पढ़ाने वाले प्रवक्ताओं को यहां प्रति वर्ष बुलाकर इन विषयों की आधुनिक प्रवृत्तियों तथा मनोवैज्ञानिक परीक्षण में प्रशिक्षित भी किया जाता है, ताकि अपने सम्बन्धित ज्ञान से छात्र/छात्राओं को विशेष लाभान्वित कर सके। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के मनोविज्ञान तथा शिक्षा शास्त्र के विशेषज्ञों को यहां समय-समय पर बुलाकर मनोविज्ञान विधियों में प्रेशिक्षित किया जाता है।

4—मनोविज्ञान शाला द्वारा बी० टी० सी०, मुरादाबाद तथा सीतापुर, उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल, लखनऊ तथा स्पोर्टस कालेज की प्रवेश परीक्षाओं के चयन में सहायता प्रदान की जाती है।

5--मनोविज्ञान शाला के कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण कार्य शैक्षिक निर्देशन है । इसकी विधियों तथा परीक्षणों के निर्माण का कार्य भी मनोविज्ञान शाला की देख-रेख में होता है ।

अनुसंधान/अध्ययन

इस वर्ष निम्नलिखित विषयों पर शोध कार्य किये गये :—

(1) स्टेनेफर्ड बिने बुद्धि परीक्षण का मानकीकरण ।

(2) रोशा व्यक्तित्व परीक्षण के प्रति उत्तर प्रदेश के वयस्कों की अनुक्रियाओं का मनोवैज्ञानिक अध्ययन ।

(3) विभिन्न आयु-वर्ग के बालकों की खेल में रुचि का अध्ययन ।

(4) आयु वर्ग 5–10 वर्ष के बच्चों के लिये एक व्यक्तिगत निष्पादन बुद्धि परीक्षण का निर्माण ।

(5) चिल्ड्रेन्स एपरशेप्शोन्स टेस्ट के प्रति उत्तर प्रदेश के बालकों की प्रति क्रियाओं का मनोवैज्ञानिक अध्ययन ।

(6) अध्यापन क्षमता के परीक्षण का निर्माण ।

(7) उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचि का मनोवैज्ञानिक अध्ययन ।

(8) बालकों के शैक्षिक निदेशन हेतु अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिये कुछ सुझाव ।

(9) विद्यार्थियों के व्यावसायिक मार्ग दर्शन हेतु अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिये उपयोगी सुझाव ।

(10) आवासीय विद्यालय योजना के अन्तर्गत चुने गये छात्रों के इण्टरमीडिएट परीक्षा के प्राप्तांकों का एक मनोवैज्ञानिक अध्ययन ।

(11) बालकों के नैतिक चरित्र के विकास के सम्बन्ध में एक मनोवैज्ञानिक अध्ययन ।

(12) उच्चतर माध्यमिक स्तर के बालकों में सृजनात्मकता का अध्ययन ।

निम्नलिखित के प्रकाशन भी किये गये :—

छात्रों के लिये मनोवैज्ञानिक सेवा की सुविधा ।

उपयुक्त व्यवसाय का चयन ।

छात्रों को शैक्षिक निर्देशन ।

(iii) केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय

(हजार रुपये में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय–व्ययक अनुमान
आवोजनेत्तर	8,10	7,08	7,90

इलाहाबाद स्थित राजकीय केन्द्रीय पुस्तकालय एक अत्यन्त उपयोगी एवं महत्वपूर्ण संस्था है । इसकी स्थापना सन् 1949 में की गयी थी । इसमें प्रेस तथा रजिस्ट्रेशन आफ बुक्स ऐक्ट के अन्तर्गत प्रदेश में प्रकाशित प्रायः प्रत्येक पुस्तक की एक-एक प्रति संग्रहीत है । इस प्रकार कापीराईट संग्रह की लगभग एक लाख पुस्तकें संग्रहीत की जा चुकी हैं । इनमें से कुछ पुस्तकें अत्यन्त दुर्लभ बहुमूल्य तथा शोध एवं अनुसंधान की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं लाभप्रद हैं ।

वर्ष 1982–83 के अन्त तक केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय में हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, बंगाली तथा संस्कृत भाषा की लगभग 48,725 पुस्तकों का नवीनतम् संग्रह है। पंजीकृत गृहीताओं की संख्या 7,072 हो चुकी है। 53,210 पाठकों ने पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष में पुस्तकों, दैनिक पत्र एवं पत्रिकाओं का संदर्भ एवं सामान्य अध्ययन के लिये प्रयोग किया।

केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय के नये भवन के निर्माण हेतु 14,90,000 रुपये की स्वीकृति गत वर्ष दी गई थी जिससे नवा भवन बन कर लगभग पूरा होने वाला है।

राजकीय जिला पुस्तकालय

मैदानी क्षेत्र में आठ तथा पर्वतीय क्षेत्र में छः पुस्तकालय हैं। यह सभी पुस्तकालय अपने-अपने जनपदों में जन साधारण को स्वाध्यायों की सुविधा प्रदान करते हैं। प्रत्येक जिला पुस्तकालय में लगभग बारह हजार पुस्तकों का संग्रह है। वर्ष 1982–83 तथा 1983–84 में मुरादाबाद, बिजनौर, बांदा, बस्ती, उन्नाव तथा सीतापुर जनपद में राजकीय जिला पुस्तकालय स्थापित किये गये हैं। वर्ष 1984–85 में 9 अन्य जनपदों में राजकीय जिला पुस्तकालय स्थापित करने का प्रस्ताव है।

पुस्तकालय नीति एवं पद्धति का विकास

(हजार रुपये में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय-व्ययक अनुमान
आयोजनागत	1,90	2,00	2,25

सचिवालय स्तर पर शिक्षा विभाग के अन्तर्गत एक पुस्तकालय कोष्ठक की स्थापना वर्ष 1980–81 में की गई थी। इस कोष्ठक को यह उत्तरदायित्व सौंपा गया कि वह प्रदेश में एक आधुनिक पुस्तकालय पद्धति के विषय में आवश्यक परियोजनायें बनाने और अन्य प्रशासनिक तथा तकनीकी कार्य करें। सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउन्डेशन योजना, केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, इलाहाबाद पब्लिक लाइब्रेरी, इलाहाबाद राजकीय जिला पुस्तकालयों का विकास तथा पुस्तकालय विकास प्रशिक्षण आदि विषयक, जो कार्य शिक्षा निदेशालय में होता था वह इस कोष्ठक को हस्तान्तरित कर दिया गया है।

पुस्तकालयों को अनुदान

इस शीर्षक के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 1983–84 में सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान देने हेतु धनराशि उपलब्ध थी। वर्ष 1984–85 में सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान नामक योजना के अन्तर्गत 10.91 लाख रु० प्रस्तावित किया गया है।

(VI) स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की स्रोत, सामग्रियों का संकलन एवं प्रकाशन :—

(हजार रुपयों में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय-व्ययक अनुमान
आयोजनेत्तर	1,45	1,61	1,81

चालू वित्तीय वर्ष 1984–85 में इस शीर्षक के अन्तर्गत केवल 20 हजार की वृद्धि हुई है जो वास्तविकता के आधार पर है ।

(VII) शैक्षिक संग्राहालय— (हजार रुपयों में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय–व्ययक अनुमान
आयोजनेत्तर	1,13	95	1,11

शिक्षा विभाग के आधीन प्रदेश के चार जिले मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर, देवरिया और इटावा में शैक्षिक संग्रहालय की व्यवस्था की गई है जिसमें कला, शिल्प, दस्तकारी आदि की शिक्षा एवं योग्यता प्राप्त छात्रों द्वारा बनाये गये विशेष प्रकार की वस्तुओं का संग्रह किया जाता है । इसकी देख-भाल सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा की जाती है ।

(XIV) प्रकीर्ण व्यय (हजार रुपयों में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय–व्ययक अनुमान
आयोजनेत्तर	5,84	7,16	7,36
आयोजनागत	47,94	30,69	87,46

इस शीर्षक के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को उनके कार्य-कलापों को सम्पादित करने हेतु अनेक प्रकार के अनुदान दिये जाते हैं । ये अनुदान आवर्तक/अनावर्तक रूप से आयोजनेत्तर एवं आयोजनागत आय–व्ययक में व्यवस्थित प्राविधानों से स्वीकृत किये जाते हैं ।

अध्यापकों को राज्य पुरस्कार—

वर्ष 1958 से अध्यापकों की विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की योजना प्रारम्भ हुई थी । इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष विभिन्न प्रदेशों के चुने हुए प्रारम्भिक पूर्व माध्यमिक स्तर के अध्यापकों तथा संस्कृत पाठशालाओं तथा अरबी, फारसी मदरसों के अध्यापकों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाता है । वर्ष 1964 से ऐसे शिक्षकों को राज्य पुरस्कार भी प्रदान करना प्रारम्भ किया गया । इस योजना में चुने गये अध्यापकों को 1,000 रु0 नकद तथा एक ऊनी शाल, मेडल और प्रमाण पत्र दिया जाता है । वित्तीय वर्ष 1983–84 में इस योजना के कार्यान्वयन हेतु 23,000 रु0 का प्राविधान है । इसके अतिरिक्त पुरस्कृत अध्यापकों को दो वर्षों की सेवा विस्तरण किये जाने का भी प्राविधान है ।

गत तीन वर्षों में राष्ट्रीय तथा राज्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले अध्यापकों की संख्या निम्नवत् है :

क्रम–संख्या	वर्ष	पूर्व माध्यमिक/ माध्यमिक	प्रारम्भिक	संस्कृत	अरबी फारसी	शिक्षक प्रशि0	शिशु शि0	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	1981–82	7	13	..	..	..	..	20
2	1982–83	4	8	3	2	2	..	19
3	1983–84	6	10	3	2	2	2	25

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् का शैक्षिक तकनीकी विभाग

राज्य शैक्षिक तकनीकी कोष्ठ

राज्य शैक्षिक तकनीकी कोष्ठ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में जन संचार माध्यमों में से अभी तक केवल रेडियो माध्यम के द्वारा माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को ही लखनऊ आकाशवाणी के रेडियो स्कूल ब्राडकास्टों के सम्बन्ध में वांछित सत्परामर्श एवं सहयोग देना ही रहा है। इस कोष्ठ द्वारा इन प्रसारणों को ग्राह्य एवं रूचिकर बनाने हेतु यथावश्यक सद्प्रयास किये जाते हैं। विद्यार्थियों को नियमित रूप से इन प्रसारणों को विद्यालयों में सुनवाने के लिये इस कार्यालय द्वारा प्रधानाचार्यों को सदुप्रेषित किया जाता है। इस वर्ष 1983–84 में भी माह जुलाई, 1983 से मार्च, 1983 तक स्कूल प्रसारण कार्यक्रमों के अन्तर्गत कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिये आकशवाणी से प्रतिदिन 12.00 से 12.30 तक नियमित प्रसारण किये जाते हैं।

इस वर्ष से इस कोष्ठ के सदुप्रयासों के फलस्वरूप प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिये सप्ताह में एक दिन शनिवार को निश्चित किया गया है, जिसके अन्तर्गत सामान्य ज्ञान, अच्छी आदतें, व्यक्तित्व विकास आदि से सम्बन्धित विषयों पर होने वाले रुचिकर प्रसारणों से कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी लाभान्वित हो सकेंगे।

इस वर्ष 1983–84 के लिये इस कोष्ठ के समक्ष उत्तर प्रदेश में शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रम की वृहत् योजना का संचालन एवं क्रियान्वयन करना है। इसके अन्तर्गत प्रदेश में भारत सरकार की इनसेट परियोजना के कार्यान्वयन के साथ-साथ प्रदेश में तीन जिलों गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़ में इनसेट 1–बी द्वारा 600 ग्रामीण प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के हेतु प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। इस कोष्ठ के निशातगंज परिसर में शैक्षिक टेलीविजन प्रोडक्शन सेण्टर के निर्माण की योजना भी स्वीकृत की जा चुकी है। इस "इनसैट" परियोजना के अन्तर्गत शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रमों का निर्माण एवं प्रसारण व्यवस्था सम्बन्धी निम्न दो भाग हैं:—

(क) शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रमों का निर्माण करना और उन्हें प्रसारण के लिये समय से दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र को उपलब्ध कराना।

(ख) प्रसारित किये जाने वाले कार्यक्रमों को "इनसैट" परियोजना सेवित जिलों में बच्चों के सुनवाने, दिखलाने की पूर्ण व्यवस्था आदि करना।

भवन निर्माण कार्य पूरा न होने की स्थिति में अस्थायी रूप से कार्य चलाया गया। एक राष्ट्रीय कार्यशाला, एन0सी0 ई0आर0टी0 नई दिल्ली में मार्च/अप्रैल, 1983 में ही हो चुकी है तथा अन्य कई बैठकों को आयोजित करके शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्माण के लिये राष्ट्रीय स्तर पर विस्तृत रूप रेखा तैयार की जा चुकी है और सी0ई0टी0 नई दिल्ली में कार्यक्रम बनाये जा रहे हैं, जिन्हें अन्य "इनसैट" प्रदेशों की भांति उत्तर प्रदेश में भी जुलाई, अगस्त, 1984 से प्रसारित किया जायेगा।

उक्त "इनसैट" परियोजनान्तर्गत शैक्षिक टेवीविजन प्रसारण प्रारम्भ किये जाने के यथेष्ठ पूर्व निम्न व्यवस्थाओं का किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

(1) प्रदेश के "इनसैट" जिलों में प्राइमरी विद्यालयों का चुनाव जहां पर बिजली, पक्का भवन तथा आने-जाने का मार्ग उपलब्ध हो।

(2) भारत सरकार से टेलीविजन उपलब्ध हो जाने पर इनको सुरक्षित रखने व चलाने वाले अध्यापकों, कस्टोडियनों को प्रशिक्षण की व्यवस्था।

(3) टेलीविजन सेटों के रख-रखाव आदि के लिये आन्तरिक प्रबन्धतंत्र की स्थापना।

(ग) विशेष शिक्षा

(हजार रुपयों में)

	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय–व्ययक अनुमान
आयोजनेत्तर	16,74	13,30	14,10
आयोजनागत	2,39,59	4,22,42	7,07,74



प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों के संचालन का लक्ष्य एवं उपलब्धियाँ
(शासकीय परियोजनाओं के अन्तर्गत)

1	2	3	4
		रु0	
7	लेखाधिकारी (बजट)	850–1720	1
8	लेखाधिकारी (सम्प्रेक्षण)	850–1720	1
9	शोध अधिकारी	850–1720	1
10	सहायक शोध अधिकारी	770–1680	1
11	सहायक लेखाधिकारी	690–1420	1
	जनपद स्तर		
1	जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी	1250–2050	34
	परियोजना स्तर पर		
1	परियोजना अधिकारी	850–1720	59
2	सह परियोजना अधिकारी	690–1420	48

इस कार्यक्रम को उक्त अधिकारियों के अतिरिक्त 513 पर्यवेक्षकों तथा 17,500 अनुदेशकों के माध्यम से केन्द्रों का संचालन एवं नियंत्रण किया जाता है तथा विभिन्न स्तर पर कार्यालयी स्टाफ भी उपलब्ध कराया गया है।

भौतिक लक्ष्य एवं उपलब्धियां

कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अनुदेशकों के सहयोग से प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन लक्ष्यों को प्राप्त करने का उद्देश्य है तथा जिन्हें प्राप्त कर लिया गया है और प्राप्त किया जाना है उनके वर्ष वार विवरण निम्नवत् है :

क्रम-संख्या	1979–80 (आधार वर्ष)	छठी पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य 1980–85	उपलब्धि 1980–81	1981–82	1982–83	वर्ष 83–84 की उपलब्धियों का अनुमान	वर्ष 84–85 का अनुमानित लक्ष्य
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रौढ़ शिक्षा						
	(1) खोले गये केन्द्रों की संख्या						
(अ)	केन्द्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत	3,655	75,900	5,908	9,838	9,600	13,500	19,600
(ब)	प्रदेशीय कार्यक्रम के अन्तर्गत	..	28,600	..	1,652	2,000	4,900	9,800
(स)	स्वैच्छिक संस्थायें	792	9,600	90	..	60	850	3,100
(द)	नेहरू युवक केन्द्र	502	6,000	533	811	628	..	1,000
(घ)	विश्वविद्यालय महाविद्यालय	278	3,400	130	476	494	..	1,000
	(2) पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या							
(अ)	केन्द्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल	91,865	22,77,000	1,60,341	2,77,234	28,359	4,05,000	5,88,000
	महिला	25,802	11,38,500	55,752	1,04,392	11,515	2,02,500	2,94,000
(ब)	प्रदेशीय कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल	..	8,58,000	..	45,865	58,916	1,20,000	2,94,000
	महिला	..	4,29,000	..	16,137	20,447	60,000	1,47,000
(स)	स्वैच्छिक संस्थायें कुल	22,257	2,88,000	2,737	..	1,800	25,500	93,000
	महिला	6,085	1,44,000	360	..	778	12,750	66,500

1	2	3	4	5	6	7	8
(द) नेहरू युवक केन्द्र							
कुल	15,392	1,80,000	16,556	25,032	14,224	..	30,000
महिला	5,856	90,000	5,812	7,974	6,597	..	15,000
(य) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय							
कुल	8,361	1,02,000	3,787	13,777	13,742	..	30,000
महिला	1,821	51,000	1,662	5,489	5,050	..	15,000
कुल (अ से य तक)							
कुल	1,37,875	37,06,000	1,83,421	3,61,908	3,73,041	5,50,500	10,35,000
महिला	39,564	18,52,500	55,752	1,34,012	1,44,597	2,25,250	5,17,500

प्रशिक्षण

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की सफलता में शिक्षण का प्रमुख स्थान है । पहले इस कार्यक्रम के संचालनार्थ अनुदेशकों को 21 दिवस का विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जाता है । इसी के साथ-साथ प्रत्येक पर्यवेक्षक को 15 दिन का विशिष्ट प्रशिक्षण भी दिये जाने का विधान है । प्रशिक्षण की कार्य कुशलता को बढ़ाने के उद्देश्य से न केवल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जाता है वरन कार्यरत सभी कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण कराया जाता है । लेखा कार्यों में कठिनाइयां न हो और अनियमितता न हो, इस उद्देश्य से जनपद, परियोजना एवं निदेशालय स्तर के कर्मचारियों को भी लेखा एवं वित्तीय नियमों सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जा चुका है । प्रशिक्षण मद पर अब तक 47.10 लाख रु0 व्यय हो चुका है और 1983–84 में 34.41 लाख रु0 व्यय होना अनुमानित है । साथ ही वर्ष 1984–85 में सभी को प्रशिक्षित करने का उद्देश्य पूर्ण करने हेतु लगभग 50.00 लाख रु0 की धनराशि की व्यवस्था कराया जाना अनुमानित है ।

वित्तीय नियंत्रण हेतु आडिट इकाई की व्यवस्था—

वर्ष 1981–82 में निदेशालय स्तर पर वित्तीय नियंत्रण एवं स्वयंभिस्त करने हेतु एक आडिट इकाई स्थापित की गयी, जिसमें एक लेखाधिकारी, दो सहायक लेखाधिकारी, तथा तीन वरिष्ठ एवं छः कनिष्ठ सम्प्रेक्षक कार्यरत हैं । इनका उद्देश्य जनपद एवं परियोजना कार्यालयों के लेखाओं का सामयिक निरीक्षण कर उन्हें आवश्यक मार्ग निर्देशन देना है और उद्घाटित अनियमितताओं के निस्तारण हेतु निर्देश भी उनके द्वारा दिया जाता है । छोटी-मोटी अनियमितताओं को जनपद स्तर पर निस्तारित कर देते हैं, वहीं इस इकाई के सहयोग से भारी गम्भीर एवं घातक हानियों एवं अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न होने देने के लिये इनका विशिष्ट प्रयास रहा है । वित्तीय वर्ष 1983–84 के अन्त तक इस विभागीय आडिट इकाई ने सभी जनपदों/परियोजना कार्यालयों के अद्यावधिक सम्प्रेक्षण कर लेने का लक्ष्य जो बनाया था, वह पूरा हो जायेगा । समय-समय पर सम्प्रेक्षण में पायी गयी त्रुटियों को सुधारने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिये जाते रहे हैं ।

प्रचार प्रसार

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के प्रसार हेतु अब तक निम्न प्रकाशन किये जा चुके हैं जिनको देखने से स्वतः स्पष्ट होगा कि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को जनसाधारण में लोकप्रिय बनाने के लिये सीमित साधनों में हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है ।

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के प्रकाशनों की तालिका

1—उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम ।
2—उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा एवं सिंहावलोकन ।
3—राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम, उत्तर प्रदेश—महत्वपूर्ण परिपत्रों का संकलन ।
4—उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा की प्रगति के दो वर्ष ।
5—उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम—प्रगति आंकड़ों में ।
6—उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा 1980–81 ।
7—महत्वपूर्ण परिपत्रों का संकलन (द्वितीय खण्ड) ।
8—मूल्यांकन एवं प्रगति पंजिका ।
9—पर्यवेक्षक की क्षेत्र पंजिका (प्रथम पंजिका) ।
10—पर्यवेक्षक की क्षेत्र पंजिका (द्वितीय पंजिका) ।
11—फोल्डर योजना एवं प्रगति ।
12—राज्य स्तरीय सम्पर्क अधिकारियों की संगोष्ठी ।
13—आख्या—मण्डलीय प्रौढ़ शिक्षा सम्मेलन ।

14—अधिकारियों के दायित्व, प्रथम खण्ड ।

15—पर्यवेक्षक के दायित्व ।

16—प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम—एक परिचय ।

17—प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के तीन वर्ष ।

18—प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम (प्रयास एवं प्रगति आंकड़ों में) ।

19—उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा—नया रूप नई रेखायें ।

20—उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा पोस्टर ।

21—प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम—ब्रोशयोर ।

22—महत्वपूर्ण परिपत्रों का संग्रह—प्रेस में ।

23—पट कथाएं एवं गणितों का संग्रह ।

24—आंखों देखी कानो सुनी ।

25—अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (1983) पर फोल्डर ।

26—अनुदेशक प्रशिक्षण सेंदर्शिका ।

27—प्रतिभागी मूल्यांकन कार्यशाला ।

28—विकेन्द्रित पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला ।

29—अभिनव प्रयोगशाला ।

III—संस्कृत तथा अन्य प्राच्य शिक्षा संस्थाओं को सहायता—

(हजार रुपयों में)

	1982-83 वास्तविक व्यय	1983-84 पुनरीक्षित अनुमान	1984-85 आगणक अनुमान
अयोजनेतर	4,17,41	4,68,45	4,94,68
आयोजनागत	43,08	34,24	47,95

उत्तर प्रदेश में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से मान्यताप्राप्त एवं सहायता प्राप्त एवं सरकारी गैर-सरकारी 1,419 संस्कृत पाठशालायें हैं, जिनकी स्थिति निम्नांकित है :

वर्ष 1982-83 तक वर्गीकृत पाठशालाओं की संख्या निम्नलिखित है :—

सहायता प्राप्त ..	प्रथम श्रेणी	152
	द्वितीय श्रेणी	58
	तृतीय श्रेणी	8
	चतुर्थ श्रेणी	882
	योग ..	1,100
असहायता प्राप्त		319
	योग ..	1,419

अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत पाठशालाओं को सम्भागीय उप शिक्षा निदेशकों द्वारा अनुरक्षण अनुदान दिया जाता है । ये विद्यालय प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणियों में वर्गीकृत हैं । वर्ष 1982-83 में 25 संस्कृत पाठशालाओं को प्रथम श्रेणी में तथा 16 को द्वितीय श्रेणी में एवं तीन को तृतीय श्रेणी में शासन द्वारा वर्गीकृत किया गया है । प्रदेश की प्रथम श्रेणी की 117 सहायता प्राप्त संस्कृत पाठशालाओं में अप्रैल, 1982 से एक लिपिक तथा एक चपरासी के पद का सृजन किया गया है ।

वर्ष 1982-83 में असहाय परिस्थितियों में पड़े प्रख्यात पंडितों व उनके मरणोपरान्त उनके आश्रितों को आर्थिक सहायक केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजन के अन्तर्गत प्रदेश के 96 संस्कृत पंडितों को शासन ने 2,57,260 रुपय स्वीकृत किया है । संस्कृत पाठशालाओं के कर्मचारियों को लाभत्रयी योजना के अन्तर्गत पेन्शन आदि से लाभान्वित किया गया है :

उत्तर प्रदेश में स्थित पाठशालाओं का निरीक्षण, निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाता है । इसके अधीन सहायक निरीक्षक, संस्कृत पाठशालायें तथा मण्डलीय उप-शिक्षा निदेशकों के नियंत्रण में रखे गये हैं ।

अशासकीय संस्कृत पाठशालाओं एवं अन्य प्राच्य संस्थाओं को दिये जाने वाले अनुदान निम्नवत् हैं:—

(हजार रुपयों में)

शीर्षक	1982–83 वास्तविक व्यय	1983–84 पुनरीक्षित अनुमान	1984–85 आय–व्ययक अनुमान
1—संस्कृत तथा अरबिक पाठशालाओं को सहायक अनुदान	4,02,72	4,54,17	4,80,00
2—संस्कृत विद्यालयों को अनुदान सूची पर लाया जाना	25,66	20,64	30,45
3—संस्कृत विद्यालयों का आधुनिकीकरण	7	7	7
4—लब्ध प्रतिष्ठ संस्कृत पंडितों को सहायता	1,00	1,00	1,00
5—संस्कृत पाठशालाओं को विकास अनुदान	5,42	4,70	8,50
6—राज्य सहायता प्राप्त एवं शासन द्वारा वर्गीकृत प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी पाठशालाओं में लिपिक तथा चपरासियों के पदों का सृजन	8,00	8,90	9,00
7—उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी को सहायक अनुदान	7,50	7,50	7,50
8—संस्कृत के ख्यातिप्राप्त मूर्धन्य विद्वान के उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार	1,00	1,00	1,00
9—उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी, लखनऊ को संस्कृत पंडितों को पुरस्कृत करने हेतु, अनुदान	1,42	1,42	1,42

